बोलो मेरे साथ में खाटूवाले की जय

बोलो मेरे साथ में,खाटूवाले की जय,
बाबा की जय खाटू वाले की जय,
बाबा की जय लीले वाले की जय,
बोलो मेरे साथ में खाटू वाले की जय.....

जब भी काम करो बोलो, या आराम करो बोलो,
बोलो हर हालात में, खाटूवाले की जय......

जब भी अपना मुख खोलो, साँवरिये की जय बोलो,
बोलो हर इक बात में, खाटूवाले की जय……

आपका जब जब मन खुश हो, या दिल के अन्दर दुख हो,
बोलो हर जज़्बात में, खाटूवाले की जय…….

श्याम की धुन में खो जाओ, श्यामधणी के हो जाओ,
डूब के दीनानाथ में, खाटूवाले की जय…..

हर मौसम में नाम जपो, सर्दी गर्मी श्याम जपो,
पतझड़ में बरसात में, खाटूवाले की जय..

श्याम को करना है “मोहित”, तो चरणों में लगा लो चित,
बोलो दिन में रात में, खाटूवाले की जय…….

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30295/title/bolo-mere-saath-me-khatuwale-ki-jai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |